## पैकारी चलाने वालों ने की पत्थरबाजी बाजी, निकाले हथियार ग्रामीणों को धमकाया

# खिरहनी में शराब की अवैध बिक्री पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, प्रदर्शन कर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गाँव मे लगातार हो रही अवैध शराब विक्रय से ग्रामीणों का गुस्सा एक बार फिर फूट पड़ा है।बुधवार को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खिरहनी के सैकड़ो महिलाये व पुरुष सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करने लगे जिससे आवागमन बाधित रहा लगभग एक से डेढ़ घंटे ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन अवैध शराब विक्रय ओर अवैध कब्जे को लेकर चला। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन पर अवैध रूप से पैकारी चलाने वालों ने ग्रामीणों पर पत्थरबाजी की गईं। साथ ही हाथों मं कुल्हाड़ी व तलवार लेकर ग्रामीणों को धमकाया गया। जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें।

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को बतलाया कि गाँव में लगभग कई वर्षो से लगातार अवैध शराब का विक्रय गाँव के ही निवासी राजाराम यादव, संजय यादव ओर राजकुमार यादव के द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इनके द्वारा अवैध तरीके से सरकारी भूमि पर कब्जा कर चौराहे पर घर बना लिया गया ओर आम रास्ते





को बंद कर दिया गया है जिससे गाँव के ग्रामीणों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कौड़िया शराब दुकान संचालक अपने गुर्गो के माध्यम से रोजाना गाँव मे अवैध शराब पंहुचाई जा रही है। गाँव मे फुटकर विक्रय करने वालो को मोटा कमीशन देकर खुलेआम शराब का विक्रय कराया जाता है। ग्राम खिरहनी मे दो अवैध शराब विक्रय करने के ठिकाने बने हुये है। गाँव के मुख्य चौराहे पर शराब बिक्री होने से रोजाना विवाद होते है। शराब का सेवन करने वाले शौकीन लोग रोजाना बड़ी संख्या मे आसपास गाँव से पहुंचते है, जो देर रात तक गाली गलौच किये जाने की आवाजे सुनाई देती है जिससे ग्रामीणों मे भारी आक्रोश ब्याप्त है।

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन से अवैध शराब विक्रय तत्काल बंद कराने ओर अवैध रूप से शराब एवं विक्रय कर्ताओ के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की माँग की है। अल्टीमेटम भी दिया कि यदि खिरहनी ग्राम से अवैध शराब बिक्री को बंद नहीं किया जाता तो ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपेंगे।

### पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

ग्राम खिरहनी में बढ़ते आक्रोश के बीच थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने पैकारी चलाने वाले दो व्यक्तियों को पकड़कर थाने लें आये ओर वायरल वीडियो जिसमें पैकारी चलाने वाले तलवार ओर कुल्हाड़ी हाथों मे लेकर घूमाते हुये दिख रहे है उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।



## अन्नकूट महोत्सव पर शिव बाबा को 56 भोग किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अन्नकूट महोत्सव पर शिव बाबा के समक्ष छप्पन प्रकार के भोग अर्पित किए गए ।साथ ही दीपदान का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । महापौर प्रीति सूरी समाजसेवी संजीव सूरी नंदलाल टहलरामानी रीत सूरी सुनीता गुप्ता सहित अन्य लोगो ने दीपदान किया बीके लक्ष्मी बहन ने ईश्वरीय सौगात भेटकर स्वागत किया राजयोग केंद्र संचालिका की बीके लक्ष्मी बहन ने अन्नकूट का महत्व बताते हुए कहा कि, कार्तिक माह में मौसम बदलने के कारण सर्दी, खांसी, बुखार, त्वचा की समस्याएं और आंखों में जलन जैसी परेशानियां बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में अन्नकूट जैसे पारंपरिक व्यंजन शरीर को न केवल पोषण देते हैं बल्कि मौसम परिवर्तन से होने वाली बीमारियों से बचाते हैं। इसलिए कहा जाता है कि अन्नकूट सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाने वाला प्रसाद नहीं, बल्कि एक आयुर्वेदिक भोजन परंपरा है, जो शरीर, मन और आत्मा तीनों को संतुलित करती है। अन्नकूट के हर निवाले में निहित है भक्ति, स्वाद और सेहत का अद्भुत मेल। अन्नकूट प्रकृति और समाज के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है, जो आत्मनिर्भरता और सामूहिकता का संदेश देता है। इस अवसर बहनों द्वारा लक्ष्मी दीदी के जन्मोत्सव पर तिलक लगाकर चुनरी और माला पहनकर केक काटा नन्ही बालिका खुशी ने अपने नृत्य से सबको भाव विभोर कर दिए । बीके दुर्गा बहन बीके भारती बहन सुमन बहन मंगला बहन देवयंती बहन बरखा बहन बेबी बहन का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश पर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

**कटनी।** कुठेला थाना की बिलहरी चौकी क्षेत्र में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार बिलहरी क्षेत्र में मंगलवार शाम हुई मारपीट में एक पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के अनुसार विवाद में आरोपी पक्ष के अनाड़ी बर्मन, भैया बर्मन, चैती बर्मन, मुन्ना बर्मन, सुदर्शन, नंदू बर्मन, शिवम बर्मन और संतोष बर्मन शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं घायल होने वालों में नीरज बर्मन, गुलाब बर्मन, मोहित बर्मन, गोलू बर्मन, रोशन बर्मन, जयंती, मीराबाई बर्मन और अवनी बर्मन शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

### मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान हुआ विवाद, चले चाकू

**कटनी।** बस स्टैंड चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्मशान घाट में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अंतिम संस्कार के दौरान दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद भड़क उठा और देखते ही देखते मामला खूनी झगड़े में बदल गया।जानकारी के अनुसार रबर फैक्ट्री क्षेत्र निवासी चौधरी परिवार के लोग एक परिजन के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे थे। इसी दौरान वहां मौजूद दो पक्ष में पुराना विवाद फिर ताजा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोगों ने चाकू निकाल लिए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। घटना में दोनों पक्षों के कुल पाँच लोग घायल हुए हैं एक पक्ष से तीन और दूसरे पक्ष से दो। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।बस स्टैंड चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### नदी घाटों पर एक साथ जलेंगे हजारों दीये

**कटनी।** आगामी 1 नवंबर को कटनी जिले में पवित्र नदियों एवं सरोवरों के घाटों पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर दो नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर जारी आदेश के अनुसार, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी को ग्रामीण क्षेत्र के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री मोदी 1 नवंबर को ग्राम भरभरा आश्रम सिलपरा नदी घाट में दीपोत्सव एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार नगर पालिक निगम के उपायुक्त शैलेष गुप्ता को शहरी क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। श्री गुप्ता को कटायेघाट नदी घाट में दीपोत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में स्थान की उपलब्धतानुसार घाट पर 10 हजार से लेकर 1 लाख तक दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। साथ ही स्थान उपलब्धतानुसार 3 से 10 बटुकों द्वारा पवित्र नदी के तट पर आरती की जाएगी। भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

*झर्रा टिकुरिया में देर रात पटाखा फोड़ने को लेकर हुआ हिंसक विवाद*

## दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, चले लाठी डंडे आधा दर्जन हुए घायल, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ थाना क्षेत्र स्थित झर्रा टिकुरिया मोहल्ले में मंगलवार रात करीब 11 बजे पटाखा फोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे चले। इस घटना में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ, जब गोकुल पासी नामक युवक अपने घर के सामने तेज



आवाज वाले पटाखे फोड़ रहा था। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के विजय पासी और उनके परिवार के सदस्यों से उसकी कहासुनी हो गई। यह मामूली कहासुनी देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हिंसक झड़प में दोनों ही पक्षों के लोग घायल हुए हैं।

एक पक्ष से गोकुल पासी, राजकुमार पासी और अरविंद पासी को चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष से विजय पासी, अंकित पासी और अजय पासी घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में गोकुल पासी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

रंगनाथ थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में छह लोग घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों ही पक्षों की ओर से शिकायतें प्राप्त होने के बाद पुलिस ने एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए हैं और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

## फर्नीचर दुकान में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान



माधव नगर इलाके में फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस घटना में लाखों रुपए का फर्नीचर जलकर खाक हो गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना डर्बी होटल के पास स्थित शिवा इंटरप्राइजेज के फर्नीचर गोदाम में रात करीब 10 बजे हुई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे इलाके में काले धुएं का गुबार छा गया, जिससे घनी आबादी वाले क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने नगर निगम और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि नगर निगम की चार दमकल गाड़ियों और फायर ब्रिगेड की टीम को इस पर काबू पाने के लिए लगभग पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग से लाखो रूपए के नुकसान की आशंका जताई गई है।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली युवक की लाश, परिजनों ने कहा दो पहले हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के पथवारी ग्राम के पास बिलासपुर-कटनी रेलवे ट्रैक पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक 20 वर्षीय युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव का सिर धड़ से अलग पाया गया, जिससे घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।सबसे पहले रेलवे कर्मचारियों ने ट्रैक पर शव देखकर तत्काल बड़वारा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।मृतक की पहचान ग्राम खरहटा निवासी शनि बर्मन (20 वर्ष) पुत्र गोरेलाल बर्मन के रूप में हुई है। परिजनों ने



बताया कि मंगलवार शाम को शनि का रामदीन बर्मन और भगवान दास बर्मन से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद शनि घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा।मृतक के पिता गोरेलाल बर्मन ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि बेटे की मौत के पीछे कोई साजिश हो सकती है।

जानकारी के अनुसार शनि ने फिटर ट्रेड से आईटीआई की पढ़ाई पूरी की थी। वह घर पर खेती-किसानी में मदद करता था और शाम को एक छोटा होटल भी चलाता था। थाना प्रभारी के.के. पटेल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस जांच कर रही है। मर्ग कायम कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट होगा।

*बड़वारा पुलिस ने अलग अलग स्थानों में की कार्यवाही*

## चार जुआ फड़ों में दबिश, 18 जुआरियों को पकड़ा, 10170 रूपए नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने अलग अलग स्थानों में चल रहे जुआफड़ों में दबिश देकर जुआ खेल रहे 18 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से बड़ी मात्रा में नकद रूपए भी जब्त किये गए हैं। थाना प्रभारी केके पटैल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के व्दारा जुआ खेलने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था।

मंगलवार को थाना प्रभारी उनि केके पटेल हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम नैगवां, झिंझरी एवं भुडसा में 02 स्थानो पर में जुआ फड़ों में जुआ खेल रहे व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े



गए जुआरियों में संदीप केवट पिता मन्जूलाल केवट 28, संजय सिंह पिता गुलाब सिंह 29, 3 राजेश सिंह पिता नत्थू सिंह 28, प्रमोद केवट पिता मन्जूलाल केवट 24 सभी निवासी ग्राम नैगवां, राहुल चौधरी पिता राजेन्द्र चौधरी 26 वर्ष निवासी ग्राम लखाखेरा, 6 कमलेश पटेल पिता भारत लाल पटेल 38, 7 अनुज पटेल पिता सिवप्रसाद पटेल 35, 8 चन्नी भुमिया पिता सुजर्सन भुमिया 27, 9 जतिन कोल पिता संतोष कुमार कोल 23, 10 आकाश कोल पिता अशोक कोल 21 सभी निवासी झिंझरी, 11. शैलेन्द्र कुमार पाटकार पिता स्व लल्ली पाटकार 44 निवासी मझौली, 12. मोहन कोल पिता चन्दू कोल 32 निवासी भुड़सा, 13. कोदूलाल गुप्ता पिता सुंदरलाल गुप्ता 50 निवासी भुड़सा, 14. शेख चांद मुसलमान पिता कयामत मुसलमान 42 निवासी : भुड़सा, 15. अजय सिंह पिता संग्राम सिंह 40 निवासी : भुड़सा, 16. गुलाब जोगी पिता करोनी जोगी 30 निवासी भुड़सा, 17. मो हनीफ पिता खुदा बक्श 50 निवासी भुड़सा, 18. किशन पाटकर पिता संतोष पाटकर 23 निवासी शामिल हैं।

मौके पर जुआरियों की तलासी ली गई एवं फड़ से कुल 10,170/- रुपये जप्त किये गये । आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । कार्यवाही में थाना प्रभारी केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, बृजलाल प्रजापति, शिव प्रकाश तिवारी, दीपक सिंह की भूमिका रही

### गौ संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु किया आह्वान

## महापौर ने गौशाला में गोवर्धन एवं गौ पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के निर्देशन में प्रदेश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से बुधवार को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों एवं गौशालाओं में गोवर्धन पूजा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इसी क्रम में नगर निगम कटनी द्वारा भी रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य तथा निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की मौजूगदी में किया गया। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी विशेष रूप से मौजूद रहीं।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव



सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कार्यक्रम के दौरान गोबर से निर्मित श्री गोवर्धन जी की विधि-विधान से पूजन एवं आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा गौ-माता का विधिवत पूजन किया जाकर गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गुड़ एवं मिष्ठान, खिचड़ी इत्यादि खिलाया गया। महापौर श्रीमती सूरी ने इस दौरान गौसंरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरण का आह्वान किया। साथ ही अतिथियों के साथ मिलकर जीवनदायिनी गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी को दीपावली पर्व और गौ-पूजन कार्यक्रम की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन के नेतृत्व में प्रदेश के दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य से आज प्रदेशभर में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने हेतु गोवर्धन पूजा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदियों से गोवर्धन पूजा और गाय गोहरी उत्सव हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों में भी हमारी संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता और जुड़ाव बना रहे।

## युवक का अपहरण और मारपीट से बढ़ा तनाव, विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बाकल निवासी कुनाल सिंह राजपूत को असीम खान और अमिल खान ने बहला फुसला कर अज्ञात स्थान पर ले जाकर धारदार हथियारों से निर्मम पिटाई की गई और सिगरेट से युवक के शरीर पर कई जगह दागा। उसे बेरहमी से मारा और मोबाइल भी ले लिया उसके बाद उसे जान से मारने की धमकी दी। मंगलवार की शाम को सर्व समाज के द्वारा बाकल थाने का घेराव किया गया ओर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की

थाना प्रभारी रश्मि सोनकर ने गिरफ्तारी के लिया कुछ समय मांगा है। मामले की शिकायत होने पर पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं जिससे करणी सेना में बाकल पुलिस के खिलाफ बुधवार को आक्रोश टूट पड़ा ओर बाकल बस



स्टैंड मुख्य मार्ग में चक्का जाम करते पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेवाजी भी की गई। बेपटरी होती क़ानून व्यवस्था को लेकर करणी सेना टायर जलाये। साथ ही बाकल थाना प्रभारी को हटाने को हल्ला बोल कर रहे थे।

विरोध प्रदर्शन की जानकारी लगते ही एएसपी संतोष डेहरिया, एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी मौके पर पहुंचें। बढ़ते विरोध प्रदर्शन को देख करनी सेना से अधिकारियो ने चर्चा की ओर हरसंभव उचित कार्रवाई का आश्वासन दिलाया। एएसपी संतोष डेहरिया ने कहा कि पहले मारपीट का प्रकरण पुलिस ने दर्ज किया था। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ धारा 109 भी बढ़ाई गईं है। मामले की सूक्ष्मता से जाँच जारी है।

बाकल मामले के दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी बुधवार को स्लीमनाबाद थाने में कराई गईं ओर स्लीमनाबाद थाने से सीधे न्यायलय ने जेल भेज दिया।

जेल जाने के बाद बाकल थाना प्रभारी रश्मि सोनकर ने जेएमएफसी न्यायलय कटनी मैं आरोपियों की रिमांड के लिए आवेदन दिया। थाना प्रभारी ने रिमांड के लिए मांग कि उक्त आरोपीगण द्वारा एक राय होकर मारपीट जान से मारने की नीयत से गंदी -गंदी गाली देते हुये प्रार्थी के प्रायवेट पार्ट चोट पहुंचाई गईं एवं जान से मारने की धमकी दिए है।

प्रार्थी बहुत ज्यादा भयभीत है, साम्प्रदायिक दंगा होने का अंदेशा है। प्रार्थी का री -मेडिकल कराया जाना शेष है एवं विवेचना पूर्ण करने हेतु समय की आवश्यकता है। अत : 6 नवंबर तक की ज्यूडिशियल रिमांड की मांग की गईं।

## खबर संक्षेप



### दीपों की जगमगाहट के बीच मनाया दीपोत्सव पर्व

**बड़वारा।** दीपों की रोशनी एवम फुलझड़ियों, पटाखों व अनारदाना के चमकते प्रकाश से बड़वारा नगर प्रकाशित नजर आया। दीपावली पर्व पर धन धान्य की देवी लक्ष्मी जी की पूजा हर घर मे बड़े ही श्रद्धा भाव से की गई। घरों को विद्युत झालरों से सजाया गया।मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए घरों में प्रवेशद्वारों की विशेष सजावट की गई। फूल मालाओं से की गई सजावट।सुख समृद्धि व धन संपदा देने वाली माता लक्ष्मी एवम भगवान गणेश जी की पूजा के लिए खरीददारी करने गए लोगों कि भीड़ से बाजार भी गुलजार हो गए। दीपावली को शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी एवम भगवान गणेश जी की पूजा की गई व सभी ने सुख खुशहाली की कामना की। परंपरा के अनुसार सभी ने एक दूसरे के घरों में लक्ष्मी पूजन की प्रसाद वितरण कर सभी को शुभकामनाएं दी।

### स्वच्छता दूतों का सम्मान



**सिलौंडी।** सिलौंडी में दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ने अपने निज निवास पर स्वच्छ ता दूतो का सम्मान कर उनका दीपावली का उपहार दिया हैं। पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ने बताया पूरे साल गांव को स्वच्छ और साफ रखने में स्वच्छ ता दूत मेहनत करते है । ग्राम पंचायत सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार,उपसरपंच राहुल राय,सचिव गुमान सिंह बागरी ,देवराज धनगर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सदस्य माधुरी अवस्थी ,रोजगार सहायक अमरीश राय समस्त कर्मचारी ने दीपावली पूजन के किया ।सभी स्वच्छता दूत, नल आपरेटर ,सभी कर्मचारी का सम्मान कर उनको उपहार दिया गया है । क्षेत्र में नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे और थाना प्रभारी अभिषेक चोबे,चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।

### नशे में वाहन चलाने पर 15 वाहन किये जब्त

**कटनी।** दीपावली की दूसरी शाम नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की। नशे में वाहन चलाने वाले लोगों से 15 वाहनों को जप्त किया। थाना प्रभारी राखी पांडे ने कहा कि नशे में वाहन चलाकर सड़क पर अन्य लोगों के लिए असुरक्षा पैदा करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश एसपी ने दिए थे। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर जांच की गई।

---

### सबसे ज्यादा बच्चों में रहा उत्साह, देर रात तक गूंजती रही पटाखों की आवाज

# मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का हुआ पूजन, दीपों से रोशन हुए घर-प्रतिष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले भर में दीपावली का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने घरों के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त पर लक्ष्मी पूजन किया। पर्व के दौरान जिले भर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। घरों प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन करने के पश्चात बच्चों ने फुलझरियां, अनार, चकरी सहित पटाखे फोड़े। देर रात तक पटाखें की गूंज सुनाई देती रही। दीपावली पर्व पर घरों और दुकानों के सामने लोगों ने रंग-बिरंगी रंगोलियां उकेरकर दीप जलाए। रंग-बिरंगी रंगोलियां सजाई। शुभ मुहूर्त में घरों के साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजन किया गया। बाद में देर रात तक लोगों के दीपावली पर्व पर पटाखे छोड़े। लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों और झालरों से सजाया। आस पड़ोस में प्रसाद बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर भी शुभकामना संदेश चलते रहे।

दीपावली के दिन सुबह से ही लोग खरीदारी के साथ पूजा की तैयारी में लगे रहे। शाम को घरों में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा की गई। मान्यता है कि भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास काटने के बाद अयोध्या लौटे तो लोगों ने खुशी में दीये जलाए। इसके अलावा दिवाली मनाने को लेकर और भी मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि कृष्ण ने कार्तिक अमावस्या के दिन नरकासुर का वध किया था। लक्ष्मी जी इसी दिन समुद्र से प्रकट हुई थीं। छोटे-बड़े व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों पर लक्ष्मी का पूजन किया।

#### मंदिरों में पूजन अर्चन

स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। दीपावली के दिन सुबह से लोगों ने अपने घर-आंगन, प्रतिष्ठानों के सामने रंगोली बनाई। दिन भर पूजा की तैयारियों में लोग जुटे रहे। शाम को शुभ मुहूर्त में मां महालक्ष्मी की पूजा-आरती कर घर-प्रतिष्ठानों में सुख-शांति, समृद्धि बनी रहने की कामना की गई। पर्व की शाम पर पूरा नगर रोशनी से जगमगाता रहा। बच्चों की टोलियां पटाखों से धूम धड़ाका करने मे व्यस्त दिखाई दिये। पूजन के बाद आतिशबाजी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। दीपावली पर्व पर हरिदास ब्रजधाम,जगदीश धाम,लघु वृन्दावन धाम बांधा इमलाज, बाबा गढ़ धाम,कौड़यि स्थित श्रीराम जानकी मंदिर ,तिंगवा शारदा मंदिर,खडरा शारदा मंदिर मे दर्शन के लिए लोग उमड़े। सोशल मीडिया पर दीपावली की शुभकामनाओं के संदेशों की भरमार थी। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एकदूसरे को गिफ्ट दिए। हर कोई नए परिधान पहने नजर आया। दीपावली के मौके पर लोग अपने रिश्तेदारों के यहां भी गए और त्योहार की शुभकामनाएं देकर पर्व की खुशिया मनाई।

---



## रसिक बिहारी जू मंदिर मे मनाया अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

दीपावली के दूसरे दिन परीवा तिथि पर बुधवार को स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे गोवर्धन पूजा हुई। इस दिन घरो व मंदिरों में अन्नकूट सजाया गया।।स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे महिला मंडल व कार्तिक व्रतधारी महिलाओं ने धूमधाम से अन्नकूट महोत्सव मनाया ।प्रातःकाल महिलाओं ने नदी मैं स्नान कर मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना की व दोपहर मैं अन्नकूट महोत्सव आयोजित हुआ।जहाँगोवर्धन पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई ।साथ 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए।इस मौके पर श्री गोवर्धन महाराज,गिरीराज थारे माथे मुकुट विराज रहा भजन से परिसर से गुंजायमान हुआ।

भगवान गोवर्धन की सुंदर झांकी सजाई गई।महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की ।साथ ही बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुँचे और आशीर्वाद प्राप्त किया।महोत्सव का समापन भव्य दीपदान व आरती कर किया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।वही जगदीश धाम खिरहनी मैं अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर भजन कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की गई।आरती के बाद विविध व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

ब्रजधाम कोहका मैं भी अन्नकूट महोत्सव मनाया गया।घर घर विराजित हुए गोर्वधन की गई पूजा-तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मैं घर घर बुधवार को गोवर्धन को विराजित किया गया।जहां परिवार की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए पूजा अर्चना की गई।

---

**पुलिस, जिला पंचायत एवं नगर निगम ने भी हासिल किया ए ग्रेड**

## शिकायतों के निराकरण के मामले में कटनी 3 अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में कटनी जिला प्रदेश के 3 अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से कटनी जिले ने प्रथम समूह के 28 जिलों में तृतीय स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 83.29 वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड हासिल कर तृतीय स्थान अर्जित किया है।

कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में तीसरे स्थान पर रहा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बीते सितंबर माह में प्राप्त कुल 9 हजार 139 शिकायतों में से 83.29 वेटेज स्कोर के साथ जिले ने ए ग्रेड हासिल कर 49.57 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

#### लगातार अग्रणी जिलों में शामिल

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के द्वारा सीएम हेल्पलाइन की निरंतर समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले 1 वर्ष से लगातार प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला प्रशासन के अमले को शिकायतों के निराकरण के प्रति और अधिक संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुये भविष्य में और भी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

#### हासिल किया ए ग्रेड

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को 15वां स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने सितंबर माह में 930 शिकायतों में से 50 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। जबकि सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 12वां स्थान मिला है। जिला पंचायत अपने समूह में 48.5 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड में तथा नगर निगम द्वारा 7वां स्थान हासिल कर सितंबर माह में प्राप्त 816 शिकायतों का 55.15 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इस प्रकार जहां कटनी पुलिस ने कुल 84.07 वेटेज स्कोर हासिल किया है। वहीं जिला पंचायत ने 84.59 वेटेज स्कोर और नगर निगम ने 93.38 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इन सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लगनशीलता को सराहा है।

---

### सीईओ ने निर्माण एवं विकास कार्यो का लिया जायजा



बुधवार को जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत मझगवां और पठरा में प्रगतिरत निर्माण एवं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित पार्कोलेशन टैंक का अवलोकन किया और पौधारोपण के बीच की खरपतवार एवं घास फूस आदि की साफ सफाई और गुणवत्ता सुधार किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सुश्री कौर ने पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जनपद पंचायत बड़वारा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## पठरा और नन्हवारा कला की गोवर्धन पूजा में शामिल हुई जिला पंचायत की सीईओ और एडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र की चिन्हित ग्राम पंचायतों में कृषि एवं समृद्धि के प्रतीक गौवंश और गोवर्धन पूजन के कार्यक्रम अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किए गए। जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत पठरा में आयोजित गोवर्धन पूजन में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत नन्हवारा कला में एडीएम नीलांबर मिश्र, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सुश्री प्रभा तेकाम और ब्रतेश जैन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना की स्त्रोत गौ माता की सेवा, गौ वंश की रक्षा, सम्मान एवं संवर्धन के लिए गौशालाओ में गोवर्धन पूजा के भव्य कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किए गए। मानव विकास समिति द्वारा संचालित बजरंग गौशाला पठरा में आयोजित गोवर्धन पूजा में जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने भाग लिया। आध्यात्मिक वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गोवर्धन पूजा हुई। ग्वाल कलाकारों द्वारा मनमोहक ,आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ में गंगा स्व सहायता समूह द्वारा संचालित गौशाला में गोवंश की रक्षा और सम्मान के लिए गोवर्धन पूजन का कार्यक्रम उल्लास और गरिमामई वातावरण में आयोजित हुआ।

---

**समय पर सभी व्यवस्थाएं करने अधिकारियों को निगमायुक्त ने दिए निर्देश**

## छठ महापर्व की तैयारियों में जुटा निगम प्रशासन, घाटों में की जा रही व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आगामी छठ महापर्व की तैयारियों शुरू कर दी गई हैं। पूर्वांचल समाज द्वारा नगर में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले छठ पूजन पर्व के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के चिन्हित घाटों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण की जा रही है।

छठ पूजन के दौरान नगर के विभिन्न घाटों कटाए घाट, बाबा घाट, मंगल नगर- छपरवाह घाट, बजरंग कॉलोनी घाट - एनकेजे में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बुधवार को घाटों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर घाट, सीढ़ियों एवं आसपास के स्थलों की जेसीबी वाहन एवं श्रमिकों के माध्यम से सफाई की जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। नगर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण कराने हेतु निगम की विभिन्न शाखाओं का अमला तैयारियों में जुट गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार नें विभागीय अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई, चूने की लाइन, कीटनाशक दवा का छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण, घाटों एवं पहुंच मार्गो की मरम्मत एवं सुधार कार्य, अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सहित पेयजल व्यवस्था का कार्य समय पर पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया है।

#### होंगी विशेष व्यवस्थाएं

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नगर में 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पूर्वांचल समाज जे छठ पूजन पर्व के मद्देनजर नगर के विभिन्न घाटों कटाए घाट, बाबा घाट, मंगल नगर- छपरवाह घाट, बजरंग कॉलोनी घाट - एनकेजे इत्यादि में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

निगमायुक्त ने संपूर्ण कार्य व्यवस्थाओं का प्रभारी उपयुक्त शैलेश गुप्ता को नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व वर्ष की भांति निर्धारित स्थानों की विशेष साफ-सफाई, चूने की लाइनिंग, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, आवारा मवेशियों के नियंत्रण आदि व्यवस्थाओं हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं

---

**परीवा तिथि पर ग्रामीण क्षेत्रों मे हुए विविध आयोजन, गौधूली बेला में गौ माता का पूजन**

## गौरैया बाबा का पूजन कर ग्वालों ने दिवारी नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





तुलसी बिरबा बाग मैं ,सींचत मैं कुम्हलाय ,राम भरोसे जे रहे ,पर्वत मैं हरिहाय।राम नाम सब कोई कहे दसरथ कहे न कोय, एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय।

कुछ इस तरह की चौपाइयों की टेर, मादल की थाप से ग्वालों ने दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को प्रतिपदा तिथि के अवसर पर दिवाली नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं,यह नजारा था स्लीमनाबाद का।जहां पर ग्वाल टोलियों ने एक से बढकर एक दोहा-चौपाई मैं दीवाली नृत्य किया।

इस मौके पर पहले गौ वंश की रक्षा व गांव की खुशहाली के लिए गौरैया बाबा का पूजन किया।एक दिन पहले छाहुर से घर घर जाकर लोगो को जगाया।वही गौधूली बेला पर गौवंश की रक्षा के लिए विशेष पूजन किया गया।तदोपरांत गाय की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई ।पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे खासी धूम रही।

#### हरिदास ब्रजधाम मे अहीरो का दीवारी नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

प्रणतपाल रघुवंश मणि करुणा सिंधु खरार, गए शरण प्रभु रखिये सब अपराध बिसार।नाम सब कोई कहे, दसरथ कहे न कोय,एक बार दसरथ कहे कोटि यज्ञ फल होय। एक से बढ़कर एक दीवारी गीतों की प्रस्तुति नजारा था ग्राम कोहका स्थित ब्रजधाम मंदिर मैं बुधवार को अहीरों के पारंपरिक नृत्य दीवारी का।गोवर्धन पूजा महोत्सव के अवसर पर गौ पालक अपनी गायों को सजा- संवार कर उन्नति की प्रतीक गाय माता का विधिवत पूजन किया गया।इसके बाद उन्हें पर्व स्थल लेकर आए।लोगो के द्वारा एक दूसरे को तिलक लगाकर मान सम्मान दिया गया। फिर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर दीवारी नृत्य शुरू किया गया।अहीरों की टोलियों विभिन्न पोशाक पहने आकर्षित लग रही थी।गांव का भ्रमण करते हुए दीवारी नृत्य करते हुए गौरैया बाबा पहुँची।जहां पूरे गांव के ग्रामीणों के द्वारा गौरैया बाबा की विधि विधान से पूजा आराधना कर गांव के खुशहाली की कामना की।इसके बाद टोली ख़रिका पहुँची।जहां ख़रिका मैं एकत्रित गायों, बछड़ो को अहीरों की टोलियों के द्वारा बिचकाया गया।इसके बाद हरिदास महाराज मंदिर अहीरों की टोली पहुँची।जहां पूजा आराधना कर दीवारी नृत्य व गायन शुरू किया गया जो देर शाम चलता रहा।इस दौरान पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गिरिजा यादव,महेश यादव,गुलाब यादव ,पवन यादव, रामकेश यादव, रमेश यादव,राजेंद्र यादव,रामनारायण यादव,संजय यादव, राहुल यादव,संतराम यादव सहित बड़ी संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।साथ ही अन्य ग्रामो मैं अहीरों की टोलियों के द्वारा पारम्परिक तरीके से गोवर्धन पूजा महोत्सव पर अहीरों की टोलियों के द्वारा नृत्य व ज्ञायन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या मे लोगो की उपस्थिति रही।

#### खरखरी में थिरकी टोलियां

समीपस्थ ग्राम पंचायत खरखरी न.2 मैं भी मंगलवार को अहीरों के द्वारा दिवाली नृत्य कर विविध आयोजन किये गए।गौरैया बाबा का पूजन कर छाहुर का पूजन किया गया।इसके बाद गांव भ्रमण करते हुए दीवारी नृत्य करते हुए ग्वालों की टोली ख़रिका पहुँची।जहां गौवंश की पूजा अर्चना कर गौ धन को बिचकाया गया।तदोपरांत बाबा हरिदास मंदिर टोली पहुँची जहां देर रात तक दीवारी गायन चलता रहा। दिवारी नृत्य देखने बड़ी संख्या मे लोग पहुँचे।

---

## माधवनगर में आगजनी कांड के आरोपित को अयोध्या से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने अगस्त में हुए नाज़िम खान के घर आगजनी कांड के एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया और सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दीपोत्सव की भारी भीड़ और सुरक्षा प्रबंधों के बीच अयोध्या (उत्तर प्रदेश) से आरोपी शुभम त्रिपाठी को गिरफ्तार किया। घटना का विवरण26-27 अगस्त 2025 की रात प्रार्थी नाजिम खान के घर के मुख्य द्वार में आग लगा दी गई थी।सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक सफेद स्कूटी से आते हुए दिखाई दिए जो ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर फरार हो गए थे।घटना के बाद थाना माधवनगर में धारा 326(जी) व 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

#### फरारी के दौरान लगातार बदलते रहे ठिकाना

आरोपीगण घटना के बाद लगातार ठिकाने बदलते रहे। पुलिस ने कई जिलों और राज्यों में दबिश दी।पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने अयोध्या पहुंचकर दीपोत्सव की भीड़ के बीच से शुभम त्रिपाठी को गिरफ्तार किया।पूछताछ व आगे की कार्रवाईगिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस अब उससे घटना के उद्देश्य और अन्य सहयोगियों के बारे में पूछताछ कर रही है।अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें जारी हैं।

**खबर संक्षेप**

## दीपोत्सव का आयोजन अब एक नवम्बर को

**पन्ना।** श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में स्थानीय धरम सागर तालाब घाट पर वृहद स्तरीय दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पूर्व में यह कार्यक्रम 5 नवम्बर को प्रस्तावित था, लेकिन अब दीपोत्सव कार्यक्रम एक नवम्बर को पूर्व निर्धारित स्थल पर होगा। इसमें जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान कार्यक्रम होगा। साथ ही स्थानीय कलाकारों के माध्यम से रंगोली निर्माण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। घाट पर 11 हजार दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे।

# एक दीप शहीदों के नामः दीप जलाकर रंगोली सजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



मुख्य बाजार क्षेत्र के रघुराज चौक के सामने एक दीप शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रात्रि में हजारों दीपों की दीपमालाओं से इस क्षेत्र को रोशन कर शहीदों की शहादत को याद किया गया। दीप जलते ही चारों ओर शौर्य और गर्व का वातावरण बन गया। इस दौरान भारतीय सैनिकों के जीवन गाथा और उनके शौर्य पर प्रकाश डाला गया। किशोरी शक्ति दल की बालिकाओं ने राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत रंगोली सजाई। जिसमें भारत माता का नक्शा, ऑपरेशन सिंदूर में उपयोग किए गए राफेल और अन्य तरह की झांकियां रंगोली के माध्यम से सजाई। कार्यक्रम के पूर्व राष्ट्रीय गान, भारत माता, श्री रामचंद्र जी की आरती की गई उसके बाद मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दीप प्रजुलत किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि सैनिकों की कुर्बानी के कारण ही आज हम सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। जब हम चैन की नींद सोते हैं तब हमारे सैनिक सरहदों पर तैनात रहकर सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति, त्याग और बलिदान समर्पण की भावना को प्रबल बनाते हैं। वयोवृद्ध के०बी० श्रीवास्तव ने कहा कि भारत ही एक ऐसा मात्रा ऐसा देश है जहां के जांबाज जन्मभूमि के लिए प्राण लुटाने में जरा भी हिचकता नहीं है। और आगे उन्होंने कई शेर और शायरी भी सुनाई जिसकी लोगो ने तारीफ की। सुधांशु चौबे ने कहा कि शहीद व वीर जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही हम लोग अपने घरों में सुरक्षित रहकर खुशी-खुशी पर्व और त्यौहार मनाते हैं। प्रेम नारायण प्यासी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और शहीदों के बलिदान की स्मृति बनाए रखना है।कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों और सैनिकों को श्री फल, साल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सफाई कर्मी महिलाओं को भी उनके विशेष योगदान पर साड़ियां देकर पुरस्कृत किया गया। संदीप जोशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर वैद्यनाथ पटेल, अभिषेक पटेल, देवसिंह ठाकुर, प्राचार्य राजेश वर्मा, दिलीप रावत, गुड्डा ताम्रकार, कुशल चौरसिया, दीपक पांडे, वंशी उपाध्याय, विकाश सोनी, कमलेश नामदेव सहित नगरसेवा समिति के समस्त सदस्य एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही।

**रात्रि 1 बजे तक हुआ मां लक्ष्मी का दिव्य पूजन...**

# देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में देर रात तक गूंजते रहे मंत्रोच्चार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड की आस्था का केंद्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर इस दीपावली एक बार फिर भक्ति, प्रकाश और परंपरा के दिव्य संगम का साक्षी बना। दीपों की झिलमिल रोशनी में नहाए मंदिर परिसर में रात्रि 1 बजे तक विशेष लक्ष्मी पूजन और श्रृंगार कार्यक्रम संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। संध्या काल में सबसे पहले भगवान श्री जागेश्वर नाथ जी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों में दीप प्रज्वलित किए गए, जिससे सम्पूर्ण धाम दिवाली के दीपों से आलोकित हो उठा। इसके उपरांत माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुभाष सोलंकी ने मंदिर के पुजारियों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल पूजन कर मंदिर की प्राचीन बावड़ी में दीपोत्सव का शुभारंभ किया। बावड़ी की सीढ़ियों और जल में सजे हजारों दीपकों ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं ने भी बावड़ी में दीप प्रज्वलित कर आस्था और प्रकाश का उत्सव मनाया। मंदिर के पट बंद होने के पश्चात मंदिर कार्यालय में परंपरागत विशेष लक्ष्मी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के समस्त पंडितों ने मां लक्ष्मी का विशेष पूजन, श्रीसूक्त पाठ और महाआरती संपन्न की। मंत्रोच्चार और आरती की मधुर ध्वनि से सम्पूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम देर रात 1 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, भक्तजन और महिला श्रद्धालु सम्मिलित हुए। चारों ओर भक्ति, उल्लास और दिव्यता का ऐसा वातावरण रहा मानो स्वयं मां लक्ष्मी और भगवान महादेव का आशीर्वाद सम्पूर्ण बांदकपुर पर बरस रहा हो। दीपों की पंक्तियों से सजा जागेश्वर धाम, भक्ति संगीत की स्वर लहरियां और मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धा की भीड़ — सबने मिलकर इस दीपावली को बना दिया अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय।

**दीपोत्सव एवं बुंदेली जैन भजन गायक जितू भैया टड़ा के गीतों की हुई मनमोहक प्रस्तुति**

# कुण्डलपुर में भगवान महावीर के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर



सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी जी का मोक्षकल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, महावीर पूजन, विधान हुआ । बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने अत्यंत भक्ति भावपूर्वक प्रभु चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित किया। प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांति धारा ,ऋद्धि कलश, निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य नाभिराज पारसोवा सुरेश किरण किशोर हिंगोली, स्व. आशीष जैन स्व. अर्पिता जैन लोहाड़िया की स्मृति में पीयूष जैन बांसवाड़ा आशीष जैन हटा, सिद्धकोश अक्षय पल्लवी जैन परिवार पुणे ,प्रो. एलके जैन भोपाल, निखिल इंदरचंद शाह अहमदाबाद ,अनिल संतोष जैन बंडा ,अजय अंजू जैन दिल्ली, अनिल मालती विधि आलोक जैन दमोह, सिद्धार्थ सुरेंद्र संगीता बंडा ,श्रेयांश सौरभ आदि जैन सागर, सौरभ गौरव पंचोलिया पुणे, ओजस अक्षय खाणे हरिश्चंद्र राजेश अभाना, अरविंद संवेद नमन मोदी ग्वालियर ने प्राप्त किया । प्रथम निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य रमेशचंद्र गोयल नितिन प्रियंका सरस्वती धैर्य ध्रुव गोयल परिवार पथरिया ,रोशनी कंछेदी लाल ऋषभ तनिष्क परिवार जबलपुर ने प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई। 20 अक्टूबर को मानस्तंभ परिसर में सायंकाल दीपोत्सव एवं बुंदेली जैन भजन गायक जितेंद्र जैन जित्तू टड़ा, गायिका माही जैन ने बुंदेली भजन गीतों बड़े बाबा कृपा तुम करें रियो, ऐसे तीर्थ ना मिले हैं कोनऊ से खंड में जैसे तीर्थ है अपने बुंदेलखंड में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के गुणगान करते हुए भजनों की आकर्षक प्रस्तुति कर श्रोताओं को बांधे रखा। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यों ललित सराफ, रमेश गोयल ,इंजी. आरके जैन ,अशोक सराफ, यूसी जैन ,के सी जैन, अजय निरमा ,विजय डायमंड ,पवन जैन अखिलेश फट्टा, आशीष जैन ,विपुल जैन एड. आदि के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रही। आचार्य श्री विद्यासागर गौशाला कुण्डलपुर में निर्वाण उत्सव दीपावली के अवसर पर पूजन कर गायों को गुड लड्डू ,चारा, भूसा खिलाया गया गौशाला स्टाफ का कमेटी द्वारा सम्मान किया गया। गौशाला प्रभारी नितेश चौधरी कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के रमेश गोयल ,आरके जैन अंकित मलैया आशीष जैन विपुल जैन मनोज जैन यूसी जैन की उपस्थिति रही।

# प्रतिपदा को हुई गोवर्धन पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

22 अक्टूबर को कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जा रहा है। आमतौर पर दिवाली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। लेकिन इस बार एक दिन के गैप के बाद यह पावन पर्व मनाया जा रहा है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार पर लोग घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत का चित्र बनाकर गोवर्धन भगवान की पूजा करते हैं और परिक्रमा लगाते हैं। इस दिन भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर सभी को प्रसाद दिया जाता है। भगवान गोवर्धन को 56 भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का घमंड तोड़ा था और गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की जान बचाई थी। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। इस पर्व पर गोधन यानी गायों की पूजा भी की जाती है। इसी तारतम्य में विकासखंड तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम झलौन की गौ शाला में हर वर्ष के अनुसार गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन विधि विधान से संपन्न हुई। इस मौके पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रप्रताप सिंह तेकाम, उपसरपंच राजेश सिंह कुर्राम, गौ शाला संचालक स्व सहायता समूह अध्यक्ष रेखा रैकवार, ग्राम से लखन नामदेव,गज्जू अठया,हल्ले भाई सींग, रामशंकर रैकवार आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# गोवर्धन पर्वत पर भव्य और दिव्य गोवर्धन पूजन संपन्न



**बनवार।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के समीप स्थित गोवर्धन पर्वत पर सोमवार को भव्य और दिव्य गोवर्धन पूजन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा देव श्री जागेश्वर धाम गौशाला समिति के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हुआ। मंदिर पुजारियों द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की गई और इसके बाद गणेश विसर्जन स्थल पर पीपल का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, मंदिर प्रबंधक रामकृपाल पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण पुलपगरे तथा संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य श्री कुंजीलाल डिमहा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पशुपालन विभाग के उपसंचालक द्वारा पुष्पहार पहनाकर और सम्मान पत्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। बांदकपुर सरपंच सुनील डबुल्या, दुर्गेश सीतू पंडा, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह लोधी, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित थे। पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की और प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान मंदिर निर्मलीक प्रबंधन द्वारा निर्मित जैविक खाद के पैकेट भी वितरित किए गए, जिससे लोगों को जैविक खेती के महत्व और गोवंश से जुड़ी प्राकृतिक खाद के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। यह पहल गोसंवर्धन के साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि को बढ़ावा देने का सशक्त संदेश बनकर सामने आई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण रहा। गायों की पूजा कर गो सेवा, गो संरक्षण और जैविक खेती के प्रसार का संकल्प भी लिया गया। देव श्री जागेश्वर नाथ धाम में हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजन पर्व ने बुंदेलखंड की धार्मिक आस्था, गोसंवर्धन, जैविक कृषि और पर्यावरण संरक्षण की भावना को एक सूत्र में बांध दिया। जिसके तत्पश्चात देव श्री जागेश्वर नाथ धाम मंदिर प्रांगण में गोवर्धन पूजन एवं अन्नकूट कार्यक्रम के तहत गोवर्धन पूजन में उपस्थित ब्राह्मणों एवं अतिथियों का अन्नकूट भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# दीपावली पर आचार्य परिवार का किया सम्मान



**जबेरा।** दीपावली के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल जबेरा के समस्त आचार्यों एवं दीदियों का नगर के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स व्यवसायी एवं समाजसेवी राजकुमार सोनी द्वारा सम्मान करते हुए उपहार एवं मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती की वंदना कर किया गया। उसके पश्चात वरिष्ठ सदस्य पी डी प्रजापति सहित विद्यालय के विकास एवं आचार्य कल्याण के लिए निरंतर सहयोग कर रहे राजकुमार सोनी का समस्त आचार्यों एवं समिति की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को दीपावली की शुभकामनाएं की गई। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष रूपेश सेन, उपाध्यक्ष विनोद मलैया, व्यवस्थापक रविशंकर बाजपेई, कोषाध्यक्ष बेनी नामदेव, सहसचिव अरुण बाजपेई, वरिष्ठ स्थाई सदस्य पी डी प्रजापति, सुभाषचंद्र जैन सहित समस्त आचार्य परिवार की उपस्थिति रही।

# गौशाला में हुई गोवर्धन पूजा



**नरसिंहगढ़ ।** नरसिंहगढ़ मंगलवार को पूरे देश के साथ साथ नरसिंहगढ़ की गौशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित जी के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान गौशाला में मौजूद गोवंश का भी पूजन अर्चन किया गया। एवं सभी गौवंश को गुड के लड्डू का भोग खिलाया गया। जिसमें शक्ति समूह की समस्त महिलाओं ने पूजन अर्चन करके सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बीजेपी की जिला मंत्री माया पटेल , गौशाला संचालक मालती जैन , पशु चिकित्सक एवं विस्तार अधिकारी के पी कुर्मी नरसिंहगढ़ ,जनपद सदस्य ललती मोदी के अलावा और भी ग्राम वासियों को विशेष मौजूदगी रही।

# डेलनखेड़ा में शराबबंदी के लिए बैठक का आयोजन



**जबेरा।** जबेरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत डे लन खेड़ा के ग्राम डेलन खेड़ा की महिलाओं ने शराबियों की आतंक से परेशान होकर के की आतंक से परेशान होकर k ग्राम पंचायत में बैठक बुलाई जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच पुलिस प्रशासन एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों को बुलाया गया सभी की उपस्थिति में बैठक में ग्राम के समस्त नागरिकों की उपस्थिति में एकमतेंनसर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आज के बाद ग्राम में कोई भी शराब नहीं बेचेगा नाही ग्राम में कोई शराब पिएगा ना ही कोई गाली गलौज करेगा ग्राम में शराबियों ने आतंक मचा रखा है ग्राम की महिलाओं ने रूबरू करके बताया कि हमारे घर में त्यौहार में 2 दिन से खाना नहीं बना है महिलाएं बोल रही थी की कई कई दिन तक हमारे घर में चूल्हा नहीं जलता है ग्राम वासियों ने बताया कि हमारे आने वाली पीढ़ी बर्बाद हो रही है भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ठाकुर ने कहा कि आज जनप्रतिनिधियों को उनके बीच में जाकर के उनकी बात को सुनना चाहिए ग्राम की महिलाएं कितनी परेशान है एक तरफ हमारी सरकार महिला सुरक्षा की बात कर रही है लेकिन ग्राम डेलनखेड़ा की महिलाएं कितनी परेशान है उनकी पूरी जिंदगी नरक बन गई है ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के मंत्री महोदय से मांग की है कि ग्राम वासियों की समस्याओं का समाधान करने की कृपा करें उक्त बैठक में सरपंच सहित पुलिस प्रशासन एवं सरपंच प्रतिनिधि राघवेंद्र सिंह पूर्व सरपंच पर्वत से सोने सिंह लक्ष्मण सिंह प्रकाश धुर्वे शाहिद सैकड़ो महिला पुरुषों की उपस्थिति रही।

# दीपक जैन ने किया 51वां रक्तदान



**दमोह।** देहदानी दीपक जैन ने इस वार दीपावली पर अपने जीवन के 46 वर्ष पूर्ण करते हुए अपना 47 वा जन्मदिन 51 वी वार रक्तदान करके एक और जरूरतमंद को जीवनदान दिया। दीपक जैन तारण ने बताया कि हर 3 माह में रक्तदान के संकल्प का पालन करते हुए 2025 का यह चौथा रक्तदान था। जीते जी रक्तदान जाते-जाते नेत्रदान देहदान के संकल्प को लेकर वह चल रहे है। वह स्वयं रक्तदान तो करते ही है उनकी पत्नी भाई सहित परिवार के सभी सदस्य महिला बच्चे भी इस मुहिम के हिस्सा बन चुके है। तथा समय-समय पर रक्तदान करके जरूरतमंद लोगों को जीवनदान देने का प्रयास करते है। उन्होंने सभी से जरूरतमंदों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान अवश्य करने की अपील करते हुए जीते जी रक्तदान मृत्यु उपरांत नेत्रदान एवं देहदान के संकल्प को पुनः दोहराया है।

# बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान ही दीपावली की पूजा- वर्षा शुक्ला



**दमोह।** उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वास्थ महिला समिति दमोह की अध्यक्ष श्रीमती अनीता राजपूत एवं समिति के सदस्यों के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर वृद्ध आश्रम अपना घर दमोह में पहुंचकर विधि विधान से मां लक्ष्मी जी की पूजन अर्चन कर सभी माता-पिता समान बुजुर्गों को दीपावली की समिति के द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्रसाद और आतिशबाजी उनके सामने प्रस्तुत कर दीपावली का त्यौहार मनाया गया। साथ में उन सब से बात कर जीवन के खट्टे मीठे अनुभव लेकर के उनके चेहरे पर मुस्कान देखकर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व ही घर में उपस्थित बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना.. एवं उनके सुख-दुख बाटकर उत्सव को महोत्सव में बदलना।

# जुआ फड़ पर स्पेशल टीम ने मारा छापा

**दमोह।** बटियागढ़ क्षेत्र के एक बड़े जन प्रतिनिधि के प्रतिनिधि के निवास के सामने स्टेडियम में लंबे समय से चल रहे बड़े जुआ फड़ पर दिवाली की रात एसपी के निर्देशन में हिंडोरिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में स्पेशल पुलिस टीम द्वारा देर रात रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान अनेक सरकारी कर्मचारियों से लेकर पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि डॉक्टर मास्टर तक ताश के 52 पत्तों पर जीत हार के दाव लगाते पाए जाने की चर्चाओं के बीच पुलिस टीम को कार्यवाही देखकर संरक्षण दाता नेताजी के द्वारा अपनी राजनीतिक पहुंच की धौंस भी दी गई। लेकिन मामला स्पेशल टीम का होने की वजह से नेताजी की एक न चली और करीब चालीस संभ्रात जुआड़ियों को दस लाख से अधिक की नगदी के साथ बटियागढ़ थाने पहुंचाया गया।



उपरोक्त सारी कार्यवाही की सूचना एसपी सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी दी गई। छापामार कार्यवाही के दौरान जप्त की गई जुए की रकम और गाड़ियों की संख्या में भी पुलिस कार्यवाही की जानकारी में काफी फर्क नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार थाना बटियागढ़ पुलिस एवं दमोह से आई टीम की संयुक्त जुआ रेड कार्यवाही में जुआ खेल रहे 23 आरोपयो से तीन लाख, उन्नीस हजार, तीन सौ रूपये नगद, एवं दो फोर व्हीलर वाहन, 6 मोटर साइकिल तथा 22 नग मोबाईल जप्त कुल मशरूका 21,19,300 रूपये जब्त किये गये है।। श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह व सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में एवं प्रिया सिंधी एस.डी. ओ.पी. महोदय पथरिया के मार्गदर्शन में दमोह से आई पुलिस टीम एवं बटियागढ़ पुलिस को दिनांक 21.10.2025 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घनश्यामपुरा में कटारे जी की गोदाम के सामने कुछ जुआडियान तास, पत्ती से रूपये पैसो का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जो मौके पर जाकर दमोह पुलिस टीम एवं थाना बटियागढ पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई, जो जुआ खेल रहे 23 व्यक्तियो के पास एवं फड से कुल 319300 रूपये नगद, 22 नग मोबाईल फोन व 52 तास पत्ती, घटना स्थल से 2 फोर व्हीलर, 6 मोटर साइकिल कुल मशरूका 21,19,300 रूपये जप्त किया गया। एवं जुआ खेल रहे 23 व्यक्तियो के विरूध्द थाना बटियागढ़ में अप.क्र. 344/2025 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में निरी. सुधीर कुमार बेगी (थाना प्रभारी बटियागढ़), उपनिरी. धर्मेन्द्र गुर्जर थाना प्रभारी हिण्डोरिया, सउनि सुदेश कुमार, सउनि रमा मिश्रा, सउनि मलखान सिंह, प्र.आर. अभिषेक, प्र. आर. सुर्यकांत, प्र. आर. संजय आर. ओमप्रकाश, आर. नरेन्द्र, आर. भरत, आर. श्रीराम, जी आरएस जुम्मन खांन की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक आज

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 23 अक्टूबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1.30 बजे आयोजित की गयी है। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने बैठक में संबंधितो से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत हेतु बैठक आज

**जबेरा।** पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार दिनांक 23.10.2025 दिन गुरुवार को सायं 4:00 बजे से श्री आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज (स्वामी रंजितानंद जी) के निर्देशन में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। विगत बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ को उक्त धार्मिक कार्य को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपने एवं आगामी कार्यक्रम कीरूपरेखा तय करने हेतु एक बार पुन बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी की उपस्थिति की अपील की है।

### सड़क हादसे में तीन घायल, एक रेफर

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार की शाम थाना के अंतर्गत झलौन मार्ग पर एक सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां से एक महिला को गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी अनुसार प्रिया पति गजेन्द्र जैन उम्र 25 वर्ष नायरा पिता गजेन्द्र जैन उम्र 4 वर्ष गजेन्द्र पिता जयकुमार जैन उम्र 30 वर्ष सभी लोग झलौन निवासी हैं जो झलौन मार्ग पर हादसे के शिकार हुए हैं जिसमें प्रिया जैन को जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस द्वारा एफआईआर न करने पर परिजनों ने सिविल अस्पताल के सामने सड़क पर किया चक्का जाम

# बुलेरो कार की टक्कर से किशोर की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम पाजी मार्ग पर बुधवार दोपहर एक 16 वर्षीय किशोर मोहित पिता राकेश पटेल की सड़क हादसे में मौत हो गई। घायल अवस्था में उसे हटा अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई जिला अस्पताल के डॉक्टर ने मृत घोषित किया और उसके बाद पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिवार के लोग शाम करीब सात बजे शव लेकर हटा पहुंचे और सिविल अस्पताल के सामने सड़क पर शव रखकर हंगामा कर दिया। इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर नहीं की है, जबकि वह उस वाहन का नंबर भी पुलिस को बता चुके। परिजनों ने बताया कि एमपी 15 सीए 0969 नंबर की काले कलर की



बुलेरो वाहन ने उनके बेटे को टक्कर मारी। मृतक मोहित के पिता राकेश पटेल ने बताया कि उनका बेटा हटा से गांव पाजी जा रहा था। पाजी गांव के पहले ही रास्ते में खड़ा था, तभी एक वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। रात 8 बजे तक परिवार के लोग हंगामा करते रहे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। इसके बाद नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले में एफआईआर की जाएगी और उचित कार्रवाई होगी। तब जाकर परिजन माने और हंगामा शांत हुआ।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटने से महिला की मौत, दो घायल

**दमोह।** दमोह सागर रोड पर बुधवार को एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जब मवेशी को बचाने के चक्कर में एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनंत्रित होकर सड़क पर पलट गई हादसे में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही दो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर जिले के सिंगपुर गांव के निवासी गौतम परिवार के लोग स्कॉर्पियो गाड़ी से रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने दमोह आ रहे थे। इसी दौरान देहात थाना अंतर्गत बांसा सरखडी मड़यि के पास सड़क पर मवेशी को बचाने के चक्कर में गौतम परिवार की काले कलर की स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गाड़ी को सीधा करके गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक बीच की सीट पर बैठी चंद्रवती गौतम की सांसे थम चुकी थी। स्कॉर्पियो में सवार पांच लोगों में से दो लोगो के घायल हो जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर सागर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा कार्रवाई की। इधर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप देने पर वह सिंगपुर रवाना हो गए जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

# शराबी तत्वों के हमले से ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, दर्जन भर घायल

**दमोह।** सागर रोड पर देहात थाना अंतर्गत कोरसा गांव के समीप मंगलवार रात गजब शराबखोरी व गुंडागर्दी के चलते दहशत का माहौल बनते देर नहीं लगी। बताया जा रहा है कि दो शराबी तत्व हाथों में लट्ठ लेकर आने जाने वाले दो पहिया तिपहिया वाहन वालो को गालियां देते हुए धमकाते हुए रोक रहे थे। लोग डर कर भाग रहे थे इसी दौरान सवारी से भरे मालवाहक ऑटो रिक्शा को रोकने की कोशिश की गई। नहीं रुकने पर शराबियों के साथी ने लकी ढाबा के पास ऑटो के कांच पर डंडे का भरपूर प्रहार किया। इसी दौरान सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया तथा ऑटो में सवार करीब दर्जन भर लोग जिसमे एक गर्भवती महिला भी थी ऑटो में फ़सकर दबकर रह गई। वही डंडा चलाने वाला एक शराबी भी चपेट में आ गया। इस दौरान वहां से निकल रहे कलेक्टर एसपी ने माल वाहक ऑटो रिक्सा को सड़क पर पल्टा देखा तो अपनी गाड़ी रूकवाई तथा ऑटो में फंसे लोगों को निकलवाया। ज्यादा गंभीर घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया तथा 108 एंबुलेंस एवं डॉक्टरो को भी सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर कुछ ही



देर में 108 एम्बुलेंस एवं सागर नाका चौकी देहात थाना पुलिस पहुंच गई। तथा घायलों के जिला अस्पताल पहुंचते ही पहले से अलर्ट डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुट गई। इधर कलेक्टर के निर्देश पर देर रात एसडीएम राजन बागरी तथा सीएसपी हरिराम पांडे ने भी जिला अस्पताल पहुचकर घायलों का हालचाल जाना। घायल माल वाहक ऑटो चालक दिनेश अहिरवार ने बताया कि वह सब बांदकपुर से दर्शन करके लौट रहे थे। तभी कोरासा गांव के पास दो शराबी डंडा लेकर ऑटो को रोकने का प्रयास करने लगा। उसने ऑटो को आगे बढ़ा दिया तो आगे ढाबे से निकले उसके साथियों ने हमला बोल दिया। बताया जा रहा है कि अचानक ऑटो के कांच में डंडा मारने से ऑटो अनियंत्रित हो गया तथा शराबी भी खुद को नहीं संभाल सका तथा ऑटो से टकराकर चपेट में आ गया। फिलहाल सागर नाका चौकी पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है। जिला अस्पताल में इलाज रत घायलों में अधिकांश सद्धुवा निवासी बताए जा रहे है जो बांदकपुर दर्शन करने के बाद अपने गांव वापस थे। घायलों में महिलाएं बच्चे अधिक है जिनके नाम आयुष अहिरवार, सोनम अहिरवार, महारानी अहिरवार, सन्ध्या अहिरवार, नीतू अहिरवार, आरती अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार के अलावा ऑटो चालक दिनेश अहिरवार का इलाज जारी है। एक घायल की हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल से देर रात जबलपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है।

## हत्या का प्रयास का आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**दमोह।** हत्या के प्रयास के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 20.10.2025 को बटियागढ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम केरवना में नीरज अहिरवार ने अपने सगे भाई जसवंत अहिरवार को जान से मारने की नियत से सिर में डंडा मार दिया है, जो उसके घर वाले उसको इलाज के लिये दमोह ले गये है, तत्काल ही मेरे द्वारा चौकी प्रभारी उपनिरी. शिवनारायण यादव को दमोह भेजा गया था जैसे ही उपनिरी. यादव दमोह पहुंचे तो उनको पता चला कि डॉक्टर साहव द्वारा पीडित जसवंत अहिरवार को इलाज के लिये बीएमसी सागर रिफर कर दिया है, जो तत्काल चौकी प्रभारी यादव मेडीकल कालेज सागर पहुंचे जहां जहां फरियादिया (पीडित की पत्नि) श्रीमति शीला अहिरवार ने रिपोर्ट लिखाई कि उसके पति जसवंत अहिरवार को उसके देवर नीरज अहिरवार ने मकान के विवाद को लेकर जान से मारने की नियत से उसके सिर में डंडा मारा है, जिससे पति जसवंत की हालत नाजुक है, तत्काल ही चौकी प्रभारी केरखना द्वारा मौके पर देहाती नालसी अपराध धारा-296,109,351 (2) बीएनएस का कायम किया गया था जिसका असल अपराध नंबर 342/25 है, तत्काल ही जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तो मैं चौकी केरवना पहुंचा था, और वहां पर मैने प्र.आर. 759 ऋषभ जैन, आर. 756 नरेन्द्र सिंह, आर.884 सूर्या को आरोपी की तलाश हेतु लगाया था, जो तत्काल ही चौकी केवना के स्टाप द्वारा 6 घंटे के अंदर आरोपी नीरज अहिरवार निवासी केरखना को हिरासत में लिया गया था, चौकी प्रभारी केखना व उनके स्टाप द्वारा आरोपी नीरज अहिरवार को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया है। जिसे आज माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्यवाही में निरी. सुधीर कुमार बेगी, उपनिरी. शिवनारायण यादव, आर. ऋषभजैन, आर. नरेन्द्र सिंह, आर. सूर्या सिपोल्या आदि शामिल है।

## शहीद की पत्नी का भोपाल में हुआ सम्मान



**दमोह ।** भोपाल में पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहीदों के परिजनों से मिले,संवेदनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर पुलिस निदेशक कैलाश मकवाना ने सहायक उपनिरीक्षक शहीद महेश कोरी की पत्नी अन्नपूर्णा कोरी का सम्मान किया। उन्होंने सांत्वना के रूप में 21 हजार रुपए की राशि ओर एक चित्र प्रदान किया। ज्ञातव्य है श्री कोरी जीआरपी सहायता केंद्र रेल्वे स्टेशन दमोह में पदस्थ थे। 31 अगस्त 25 को एक दुर्घटना में उनका स्वर्गवास हो गया था। इस अवसर पर सहायक उपनिरीक्षक जग़न्नाथ सिंह, श्री कोरी के बड़े भाई शारदा प्रसाद कोरी, बेटी मुस्कान तंतुवाय, पुत्र साहिल तंतुवाय, ललित पटेल मौजूद थे।

# 108 साल पहले से खिरका बांधने की चली आ रही परंपरा

## मृदंग व नगाड़ियों की धुन पर दिवारी नृत्य की धूम



**तेन्दूखेड़ा।** जिले के तेंदूखेड़ा नगर एवं आसपास के सभी ग्रामों में दीपावली का त्योहार बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, वहीं दीपावली के दूसरे दिन शुक्रवार को परमा की छुट्टी होने के कारण नगर एवं आसपास के कई परिवार मित्र मंडलियों ने दोनी के हनुमान मंदिर पंडाबाबा बंकागढ़, टपका, किसनगढ़, सिद्धबाबा सहित नगर के बाहर स्थित नरगुंवा तालाब में भंडारे कर दाल बाटी का कार्यक्रम किया। इस दौरान नगर एवं आसपास के ग्वालों ने अपनी-अपनी टीम बनाकर दिवाली गाई। नगर के बाजार मोहल्ला में बरगद के पेड़ के समीप व जैन मंदिर के सामने चौराहे पर खिरका बांधकर दिवारी गाने की 108 साल से अधिक पुरानी परंपरा चली आ रही है। कमलेश यादव एवं घनश्याम यादव ने बताया कि खिरका बांधने की परंपरा लगभग 108 वर्ष पहले से चल रही है। गांव के बुजुर्ग गांव में सुख समृद्धि बनी रहे एवं मवेशियों को किसी भी प्रकार की बीमारियां न फैलें इसलिए देवी देवताओं की पूजा कर खिरका बांधने की रीति चली आ रही है, जो आज भी कायम है। यादव समाज के लोग पहले फकीरा यादव के घर पर विधि विधान से पूजन किया जाता है। इसके बाद समाज के लोगों पर देवी देवता की कृपा होने पर भाव आते हैं, फिर अन्नी यादव के घर से मालवा बाबा का स्थान टीआई बंगले के सामने तक सवारी के साथ दीवारी गाते हुए आते हैं, जहां विधि विधान से मालवा बाबा की पूजा की जाती है इसके बाद यादव एवं अन्य समाज के लोग समूह में दीवारी गाते हुए जैन मंदिर के सामने आते हैं, जहां पर खिरका जमीन के नीचे गाढ़ा जाता है। इसके बाद जिन लोगों पर देवताओं की सवारी होती है वे लोग गढ़े हुए खिरका को उखाड़ते है और विधि विधान से पूजन पाठ कर मृदंग व नगड़ियों की धुन पर दिवारी गाकर यादव समाज के लोग नाचते हैं।

### मालवा बाबा के चारों ओर बनाई गई बाउंड्रीवॉल अन्य देवी देवताओं के मंदिर

वहीं मालवा बाबा के स्थान पर सार्वजनिक रूप से लोगों द्वारा चंदा एकत्रित कर मालवा बाबा के स्थान पर दो वर्ष पहले ही चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाई गई जिससे चारों ओर मालवा बाबा का स्थान सुरक्षित किया गया। वहीं बाऊंड्रीवॉल के अंदर शनिदेव भगवान व राधाकृष्ण भगवान का मंदिर भी बना हुआ है जो लोगों की आस्था का केंद्र है। अब यहा पर हर दिन आसपास के लोग पूजा अर्चना करने आते जाते हैं यहां पर बाउंड्री वॉल सहित मंदिर का निर्माण सार्वजनिक रूप से कार्य कराया गया है।

# सर्पदंश से किसान की मौत, दिनभर खेतों में पड़ा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

मंगलवार को तेंदूखेड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बितली में एक किसान की सर्पदंश से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां बुधवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार डाल सिंह पिता बाबूसिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी बितली थाना तेंदूखेड़ा है जो कि मंगलवार की सुबह 11 बजे अपने घर से खाना खाकर खेत गया था लेकिन देर शाम तक जब डाल सिंह वापस घर नहीं लौटे तो परिजनों ने ग्राम में पूछताछ की लेकिन गांव में भी कुछ पता नहीं तो तो परिजनों और गांव के अन्य लोग खेतों में पहुंचे तो डाल सिंह का शव उनके ही खेत पर पड़ा हुआ था और परिजनों ने पूरे शरीर को चेक किया तो पैर के ऊपर सांप के काटने के निशान थे जिससे प्रतीत होता है किसान डाल सिंह को किसी जहरीले सांप को काटा है और डाल सिंह की खेत में ही मौत हो गई अगर समय रहते इलाज मिल जाता तो डाल सिंह की मौत नहीं होती लेकिन दिपावली की परमा के चलते अन्य किसान अपने घरों में थे जिससे के कारण किसी को इस घटना की सूचना नहीं मिली बाद में परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई जहां देर शाम 7 बजे आसपास पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां बुधवार की सुबह पंचनामा कार्रवाई करते हुए परिजनों और अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई घटना के संबंध में पुलिस द्वारा बताया गया किसान डाल सिंह की मौत जहरीले सांप के काटने से हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और पता चल जाएगा।

## कर्तव्य वेदी पर शहीद हुये पुलिस कर्मियों को श्रद्धाजंली



**दमोह।** पुलिस स्मृति दिवस पर दमोह पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित अन्य अधिकारियों-कमर्चारियों, मीडियाजनों ने पुलिस की वेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंली दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है इस दिवस उन सभी शहीदों को याद करते हैं जिन्होंने पिछले वर्ष अपने प्राण न्योछावर किये है, देश की सेवा में अपना सर्वस्व न्योछावर किया, आज उसी के तत्वावधान में यहां पुलिस लाइन में पुलिस परेड का आयोजन किया था जिसमें प्रदेश के अलावा अलग-अलग स्टेट और सीआपीएफ के जवान जो शहीद हुए और लोकल में भी शहीदों के परिवारों से मुलाकात की है, उन्हें सम्मानित किया, यह दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि पुलिस विभाग जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है और अपने प्राणों को न्योछावर करने से भी नहीं चूकते है।

# बीटगार्ड की मिलीभगत से दबंग जंगल में कर रहे अवैध कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

ग्राम पंचायत कलूमर की साइपुरा बीट मे पीढ़ियों से वन भूमि में काबिज 20 आदिवासियों को बेदखल कर जंगल में दबंगों का प्रवेश कराया जा रहा है। जंगल की लकड़ी काटकर के जंगल में ही ईंट के भट्टे धधकाए जा रहे हैं। वही जंगल की 50 एकड़ भूमि पर बीट गार्ड स्वयं एवं उसके समर्थक मक्का की फसल उगा चुके हैं। इस समय बीट गार्ड काबीज आदिवासियों को हटाकर के दबंगो को वन भूमि में अनधिकृत प्रवेश करा रहा है। इसके लिए बीट गार्ड अपने तरीके से मन माने तौर पर मुनारे लगबा रहा है। कलुमर के खेलन आदिवासी कमलेश आदिवासी बहादुर आदिवासी भारत आदिवासी रश्मि आदिवासी बंटू आदिवासी रज्जू आदिवासी ने बताया कि ग्राम आलोनी के आम्हा भोरहा जमुन हां तीनों नालों के बीच में जंगल के हजारों पेड़ काटकरके खेती की जा



रही है। साथ ही जंगल में ईंटों का व्यापार चल रहा है जंगल में जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से लगातार ईंटों के लिए मिट्टी निकाली जा रही है। इस समय जंगल में पांच ईंटों के भट्टी लगे हुए हैं। वहीं बीट गार्ड दबंगो से मिलकर के पूर्व से काबिज आदिवासियों को हटाकर के दबंगो का कब्जा करना चाह रहा है। इसके लिए आदिवासियों के द्वारा बोई गई अरहर की फसल को भैंसे से चरवा दिया गया है। दबंगो को फायदा पहुंचाने के लिए जंगल के मुना रेभी बदल दिए गए हैं। साइपुरा बीट में अनैतिक गतिविधियां चलाई जा रही हैं जिसका विरोध करने पर आदिवासियों के ऊपर झूठे मामले बना करके उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। किसान नेता बसंत राय ने बताया कि बीट गार्ड षड्यंत्र करके पूर्व से कागज आदिवासियों को हटाकर के दबंगो को काबिज करना चाह रहा है। इसी बात को लेकर के बसंत राय के नेतृत्व में संपूर्ण ग्राम पंचायत के आदिवासी एकजुट होकर के डीएफओ एवं कलेक्टर महोदय को जुटाये गये प्रमाणो सहित ज्ञापन देने की तैयारी कर रहे हैं।

## आचार्य विशुद्ध सागर जी का दमोह में मंगल प्रवेश कल दोपहर 3 बजे

**दमोह।** श्री दिगम्बर जैन आचार्य, चर्या शिरोमणि, पट्टाचार्य, आध्यात्मयोगी आचार्य श्री 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज (संसंघ)का दमोह नगर में मंगल प्रवेश 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे हो रहा है। श्री दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र वीरागोदय तीर्थ पथरिया से दमोह की ओर गमन करते हुए विशाल जनसमूह के साथ जन सामान्य के सर्वमान्य आराध्य दिगम्बर जैन संत आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के संसंघ नगर आगमन से सकल जैन समाज सहित जन सामान्य के लिए धर्म की गंगा में समाहित होने का अनूठा अवसर प्राप्त होने जा रहा है। आचार्य श्री जी के संसंघ नगर प्रवेश पथरिया चौराहा मलैया मिल, तीन गुल्ली चौराहा, स्टेशन चौराहा, घंटाघर, पलंदी जैन मंदिर, चौधरी जैन मंदिर से होते हुए श्री दिगम्बर जैन सिंघई मंदिर दमोह में हो रहा है। श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं जन सामान्य से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने हेतु अनुरोध किया है।

### अन्नकूट एवं दीपावली मिलन कल

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री और संस्था के संरक्षक प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य व स्वामी ऋषभ देवानंद जी (श्री कृष्णायन समिति हरिद्वार) आदर्श गौशाला ग्वालियर की विशेष उपस्थिति में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट कार्यक्रम का आयोजन 24 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक किया जायेगा।

**आम सूचना**

शपथकर्ता हर्ष जैन आत्मज श्री राजेश कुमार जैन साकिन तहसील व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे स्कूल एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम राजेश जैन दर्ज है जबकि मेरे पिता का पूरा नाम राजेश कुमार जैन है। राजेश कुमार जैन व राजेश जैन दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे द्वारा पासपोर्ट हेतु आवेदन किया गया है जिसमें मेरे पिता का पूरा नाम राजेश कुमार जैन दर्ज किया जाये।

**शपथकर्ता**

**हर्ष जैन पिता राजेश कुमार जैन**
**सिविल वार्ड नं. 4, दमोह**

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्रमांक/ /ज.पं./मत्स्य पालन/पट्टा/2025-26/2851/ **विज्ञप्ति** पटेरा, दिनांक 10/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश / ज्ञापन क्रमांक 1548/2008/36/ भोपाल / दिनांक 08 अक्टूबर 2008 के अनुसार एवं म.प्र.शासन की मत्स्यपालन नीति 2008 एवं त्रिस्तरीय पंचायतों को मत्स्योद्योग के अधिकार कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत पटेरा जिला दमोह म.प्र. के अधिकार क्षेत्र के निम्न सिंचाई तालाबों / जलाशयों को मछली पालन / मत्स्याखेट एवं सिंघाड़ा खेती कमल गट्टा जल कृषि (फसल) हेतु 10 वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।

**पट्टे पर दिये जाने वाले तालाबों / जलाशयों का विवरण :-**

| क्र. | तालाब/जलाशय का नाम | औसत जल क्षेत्र हेक्टेयर | ग्राम का नाम | विकासखंड का नाम | निर्धारित वार्षिक पट्टा राशि रुपए में | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | खमरिया बक्सरी जलाशय | 23.13 हैक्टेयर | खमरिया बक्सरी | पटेरा | 4626/- | |
| 2 | सगौनी सिंचाई जलाशय | 52.400 हैक्टेयर | सगोनी | पटेरा | 7860/- | |

अतः इच्छुक पंजीकृत, मछुआ सहकारी समितियों / स्व-सहायता समूह / मछुआ समूह 15 पंद्रह दिन के अंदर दिनांक 27/10/2025 तक कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र पूर्ण भरकर कार्यालय जनपद पंचायत पटेरा. जिला दमोह म.प्र. में जमा कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को म.प्र. शासन की मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधान अनुसार प्राथमिकता क्रम के निर्धारण के अनुसार चयन किया जावेगा।

1. प्राथमिकता क्रम सबसे पुरानी / क्रियाशील स्थानीय/आस-पास के कार्यक्षेत्र की वंशानुगत मछुआ जाति/अनु.जन जाति/अनु. जाति/पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग की पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियां। 2. जलाशय क्षेत्र में पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों के आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने पर बिन्दु क्रमांक 1 में उल्लेखित प्राथमिकता क्रम अनुसार ही (स्व-सहायता समूह/ मछुआ समूह जो कि जिला अधिकारी मछली पालन विभाग से मान्य / पंजीकृत हो तथा मछली पालन के निमित्त गठित हुआ हो) को प्राथमिकता दी जावेगी, लेकिन ऐसे स्व-सहायता समूह / मछुआ समूह / प्रस्तावित मछुआ सहकारी समितियों के लिये आवश्यक होगा कि वह प्राप्त करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि में समिति के पंजीयन कराने का वचन पत्र देगा और तदनुसार पंजीयन करावेगा ऐसा ना होने की स्थिति में पट्टा निरस्त कर दिया जावेगा। 3. म.प्र.शासन मत्स्य पालन नीति 2008 के प्रावधानुसार मछली पालन विभाग के जिला अधिकारी से मछुओं की पहचान एवं प्रमाणीकरण तथा बिना अनुशंसा के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को पात्रता नहीं होगी। 4. विज्ञप्ति की समयावधि में स्व-सहायता समूह / मछुआ समूह के आवेदन पत्रों पर प्राथमिकताक्रम के निर्धारण होने के बाद मछली पालन विभाग के जिला अधिकारी की मछुओ की पहचान एवं प्रमाणीकरण तथा बिना अनुशंसा के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को पात्रता नहीं होगी। 5. सिंचाई परियोजना के निर्माण से विस्थापित एवं प्रभावित होने वाले वंशानुगत मछुआ जाति को मत्स्य पालन / मत्स्य विकास के अधिकार में सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। 6. लीज राशि का निर्धारण मत्स्यपालन नीति 2008 के प्रावधानुसार किया जावेगा। 7. आवेदक एवं उनके रिश्तेदारों को पंचायत का पदाधिकारी नहीं होना चाहिए। 8. राशि डिफाल्टर समिति / समूहों को पुनः पट्टा प्रदाय नही किया जावेगा।

इस संबंध में आवेदन पत्र के साथ दस्तावेजों एवं अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जनपद पंचायत पटेरा जिला दमोह म.प. अथवा कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला दमोह (म.प्र.) में शासकीय कार्य दिवसों एवं कार्यालयीन समय में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है या संपर्क कर सकते हैं। पट्टा आवंटन की संपूर्ण कार्यवाही म.प्र.शासन मछली पालन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश / ज्ञापन क्रमांक 1548/2008/36/भोपाल / दिनांक 08 अक्टूबर 2008 के अनुसार जारी नीति निदेर्शानुसार की जावेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत पटेरा, जिला दमोह (म.प्र.)**